Through E-Office/Email

केन्द्रीय भण्डारण निगम

(भारत सरकार का उपक्रम)

CENTRAL WAREHOUSING CORPORATION

(A Govt. of India Undertaking)

जन-जन के लिए भण्डारण - Warehousing for Everyone

टी.क्यू.सी./विश्व खाद्य दिवस/2020/21 दिनांक: 18.09.2020

क्षेत्रीय प्रबन्धक,
केन्द्रीय भंडारण निगम
क्षेत्रीय कार्यालय,
अहमदाबाद/बैंगलोर/भोपाल/चंडीगढ़/चेन्नई/दिल्ली/गुवाहाटी/हैदरबाद
जयपुर/कोलकाता/कोच्चि/लखनऊ/मुम्बई/पटना

विषय: **विश्व खाद्य दिवस आयोजित करने के सम्बंध में।**

जैसा की आपको विदित है कि विगत वर्षो की तरह इस वर्ष भी संयुक्त राष्ट्र संघ (एफ. ए. ओ) के तत्वावधान में विश्व खाद्य दिवस 16 अक्टूबर 2020 को मनाया जा रहा है। विश्व खाद्‍य दिवस का थीम "GROW NOURISH SUSTAIN TOGETHER" है | इस वर्ष FAO के **75वें** स्थापना दिवस पर, "World Food Day calls for Global solidarity to help the most vulnerable people recover from Covid-19 crisis and make food system more resilient and robust so they can withstand the shock. Our food system grows a variety of food to nourish a growing population to sustain the planet together."

Covid-19 Global Health crisis has been a time to reflect things we truly cherish and our basic needs. On these uncertain times many go without food. Preserving access to safe and nutritious food is and will continue to be an essential part to fight covid-19 pandemic particularly for poor and vulnerable communities who are hit hard by pandemic, economic and financial problem. In a moment like this, it is important to recognize the need to support our food hero's farmers, workers and people associated with food chain supply system who are making sure that food from farm to masses make its way among disruption due to covid-19 crisis.

सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से आपसे यह अनुरोध है, कि इस वर्ष भी सभी क्षेत्रीय कार्यालयों के अंतर्गत आने वाले भंडारगृहों में निम्न कार्यक्रमों को आयोजित किया जाये।

- क्षेत्रीय कार्यालय एवं विभिन्न भण्डारगृह प्रबन्धकों द्वारा दूरदर्शन, आकाशवाणी, स्थानीय समाचार पत्र/पत्रिकाएँ अथवा प्रचार के अन्य माध्यमों से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायें।
- इस वर्ष कोविड-19 महामारी को देखते हुये गणमान्य अधिकारियों को आमंत्रित गोष्ठी/कार्यशाला/व्याख्यान आदि के कार्यक्रम स्थगित किए गये हैं।

इसके अतिरिक्त अखिल भारतीय स्तर पर उपरोक्त थीम पर लगभग 300 शब्दों में हिन्दी अथवा अँग्रेजी भाषा में एक निबन्ध प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है। सभी प्रतियोगी अपने निबन्ध को ई-मेल wfdcwc66@gmail.com द्वारा प्रेषित करें।

प्राप्त निबन्धों का मूल्यांकन एक एक्सपर्ट कमेटी के द्वारा किया जाएगा जिसमें स्वयं के विचारों को अभिव्यक्त करने को प्राथमिकता दी जायेगी। प्रतियोगिता में प्रथम पाँच आने वाले प्रतिस्पर्धियों को नगद अथवा उपहार वाउचर के रूप मैं क्रमश: प्रथम (रु. 4000 /-) **द्वितीय** पुरस्कार (रु. 3000 /-) तृतीय (रु. 2000 /-) एवं दो सांत्वना (रु. 1500 /-) पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। निबन्ध प्राप्ति की अन्तिम तिथि 05.10.2020 है। इसके पश्चात प्राप्त होने वाले निबन्ध पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आपसे अनुरोध है की आपके अधीनस्थ इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियों एवं भंडरगृहों में कार्यरत स्टाफ को अधिक से अधिक संख्या में निबन्ध प्रेषित करने को प्रेरित करें तथा यह भी सुनिश्चित करें, कि *निबन्ध के किसी भी पृष्ठ पर निबन्ध लिखने वाले का नाम, पद व हस्ताक्षर नहीं होना चाहिए* एवं विश्व खाद्य दिवस पर उपरोक्त गाइडलाइंस के आधार पर अपने-अपने क्षेत्रों में समारोह आयोजित करें तथा उसके समापन पर प्रबंधन के अप्रैजल हेतु रिपोर्ट भी प्रेषित करें। सभी भण्डारगृह प्रबन्धकों को इस पत्र की प्रति उपलब्ध करवाएँ तथा अपने अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों को इस विषय से अवगत करना सुनिश्चित करें।

Digitally signed by Abhishek Anand
Date: 2020.09.18 11:20:28 +05'30'

सहा. महाप्रबंधक (तक)

प्रतिलिपि:

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय के वरिष्ठ निजि सहायक/निदेशक (कार्मिक) के निजि सचिव/निदेशक (वित्त) के वरि. सहा. प्रबन्धक / केंद्रीय भंडारण निगम, निगमित कार्यालय, नई दिल्ली।
2. सभी विभागाध्यक्ष केन्द्रीय भंडारण निगम, निगमित कार्यालय, नई दिल्ली को इस अनुरोध के साथ कि वे अपने अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों को समय पर सूचित कर दें ताकि इच्छुक प्रतिभागी ठीक समय पर निबन्ध प्रेषित कर सकें।
3. समूह महाप्रबंधक केन्द्रीय भंडारण निगम (प्रणाली), निगमित कार्यालय को इस अनुरोध के साथ कि इस पत्र को CWC कि website पर व्यापक प्रचार हेतु अपलोड कर दें।